# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
**ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)**
www.bilaspuruniversity.ac.in


क्रमांक/ 4389 /परीक्षा–गोपनीय/2021 बिलासपुर दिनांक 07/12/2021

## –::अधिसूचना::–

सत्र 2021–22 में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर की समस्त मुख्य/सेमेस्टर परीक्षा–2022 हेतु आनलाईन **नामांकन–एवं–परीक्षा** आवेदन (**Enrollment & Exam Form**) भराया जाना है। साथ ही शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) के स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र–छात्राओं हेतु भी इसी विश्वविद्यालय से निम्नानुसार आनलाईन **नामांकन–एवं–परीक्षा** आवेदन (**Enrollment & Exam Form**) भराया जाना है:–

- *परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित हो रहे स्नातक प्रथम नियमित एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों, जिनका नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो चुका है, ऐसे छात्र–छात्राएं सीधे परीक्षा फार्म भरेंगे।*
- *विश्वविद्यालय के परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित हो रहे स्नातक प्रथम स्वाध्यायी छात्र–छात्राएं परीक्षा आवेदन फार्म एवं नामांकन फार्म साथ–साथ भरेंगे। (पूर्व से नामांकित स्वाध्यायी छात्रों को केवल परीक्षा फार्म भरना है।)*
- *स्नातक स्तर भाग–दो/तीन नियमित/स्वाध्यायी/भूतपूर्व/पूरक छात्र–छात्राएं तथा स्नातकोत्तर पूर्व/अंतिम स्वाध्यायी (वार्षिक परीक्षा) के छात्र–छात्राएं जो पूर्व से नामांकित है, उनका केवल परीक्षा फार्म भराया जायेगा, तथा विश्वविद्यालय की परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राएं नामांकन एवं परीक्षा फार्म दोनों भरेंगे।*
- *पी.जी. सेमेस्टर/विधि के विषम सेमेस्टर (नियमित/एटीकेटी/भूतपूर्व) के छात्र–छात्राएं जो पूर्व से नामांकन कर चुके हैं, उनका केवल परीक्षा फार्म भराया जायेगा। प्रथम सेमेस्टर के छात्र (जो अन्य विश्वविद्यालय/संस्था से इस विश्वविद्यालय के परीक्षा में सम्मिलित हो रहें हैं) जिनका नामांकन नहीं हुआ है, वे नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरेंगे।*
- *विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग (यू.टी.डी.) के विषम सेमेस्टर (नियमित/एटीकेटी/भूतपूर्व) के छात्र–छात्राएं जो पूर्व से नामांकन कर चुके हैं, उनका केवल परीक्षा फार्म भराया जायेगा। प्रथम सेमेस्टर के छात्र (जो अन्य विश्वविद्यालय/संस्था से इस विश्वविद्यालय के परीक्षा में सम्मिलित हो रहें हैं) जिनका नामांकन नहीं हुआ है, वे नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरेंगे।*
- *अन्य विश्वविद्यालय/आटोनॉमस महाविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र–छात्राएं अगर इस विश्वविद्यालय से अध्ययन करना चाह रहे हैं तो ऐसे छात्रों को भी नामांकन फार्म एवं परीक्षा फार्म भरना अनिवार्य होगा।*

| क्र. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | आनलाईन **नामांकन/परीक्षा** आवेदन की प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि (बिना विलंब शुल्क के साथ) | **13/12/2021 से 27/12/2021 तक** |
| 02 | आनलाईन **नामांकन/परीक्षा** आवेदन की प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि (विलंब शुल्क रू. **200/–** के साथ) | **28/12/2021 से 03/01/2022 तक** |
| 03 | छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन **नामांकन/परीक्षा** आवेदनों की हार्डकॉपी, आनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य/आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित महाविद्यालय/वि.वि.शिक्षण विभाग में जमा करने की तिथि | **13/12/2021 से 03/01/2022 तक** |
| 04 | महाविद्यालयों हेतु निर्देश<br>छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन **नामांकन/परीक्षा** आवेदनों की सूची (Enrollment return/roll list 2021-22) पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में नामांकन/परीक्षा आवेदनों की आनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य/आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति विधिवत अग्रेषित करते हुये विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि | **06/01/2022 से 10/01/2022 तक** |

**नोटः–** <u>आनलाईन परीक्षा फार्म भरने की विस्तृत विवरण (स्टेप–बाई–स्टेप) हेतु अधिसूचना क्र. 4373/परीक्षा – गोपनीय/2021 बिलासपुर दिनांक 01.12.2021 का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें।</u>

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय
बिलासपुर।

पृ. क्रमांक / 4389 / परीक्षा–गोपनीय / 2021 बिलासपुर दिनांक 09 / 12 / 2021

01. कुलपति जी के निज सहायक को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. कुलसचिव महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
03. माननीय कुलपति महोदय / कुलसचिव, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
04. वित्ताधिकारी / सहायक कुलसचिव (वित्त / अकादमी / भंडार) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
05. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र / छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें।
06. संपादक / संवाददाता, दैनिक .............................. समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

09/12/2021

परीक्षा प्रभारी